हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 12 जुलाई 2025

04 सर्पदंश : 15 माह में सर्पदंश के 521 लोग शिकार...



08 जिन विद्यालयों से मेपिंग नहीं की जा रही उनको कारण...





## खबर संक्षेप

### बाल पुरस्कार हेतु आवेदन 31 जुलाई तक

**नर्मदापुरम।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 हेतु पात्र बच्चों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पुरस्कार के लिए आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर प्रारंभ हो चुकी है। यह पुरस्कार उन बच्चों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण संरक्षण, कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय योगदान दिया है।

### नवोदय में प्रवेश हेतु आवेदन 29 जुलाई तक

**नर्मदापुरम।** वाहर नवोदय विद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन दिनांक 13 दिसंबर 2025, दिन शनिवार को किया जाएगा। चयन परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक निशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन लिंक के माध्यम से किये जा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित की गई है।

### एसडीएम के निर्देश पर अधिकारियों की पहुंची टीम, वेयर हाउस किया सील

# ग्राम फुरतला के वेयर हाउस में मिला 1 हजार क्विंटल अमानक मूंग का स्टॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में समर्थन मूल्य पर सरकारी मूंग खरीदी शुरू होने के तीसरे दिन ही गड़बड़ी का मामला सामने आया है। गुरुवार को फुरतला स्थित चेतन वेयरहाउस में एक हजार क्विंटल अमानक मूंग का अवैध स्टॉक मिला। सूचना मिलने पर एसडीएम के निर्देश पर मध्यप्रदेश वेयरहाउस कॉर्पोरेशन की मैनेजर श्वेता पवार और कृषि विभाग के एसडीओ साहिल साहू की टीम ने वेयरहाउस का औचक निरीक्षण किया। जांच में वेयरहाउस की दो यूनिट में से पहली में वर्ष 2025-26 का उपार्जित गेहूं भंडारित मिला, जबकि दूसरी यूनिट में लगभग 1000 क्विंटल मूंग का स्टॉक मिला, जो प्रथम दृष्टया अमानक पाया गया। एसडीएम के निर्देश पर अधिकारियों ने निरीक्षण किया।

जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी जारी है। वहीं गुरुवार को जिले की माखननगर तहसील के एक वेयर हाउस में अमानक मूंग का स्टॉक मिला।





### चौकीदार बोला बारिश से बचाने रखी मूंग

जानकारी के अनुसार चेतन वेयरहाउस फुरतला में अमानक मूंग के 1000 क्विंटल के स्टॉक की सूचना मिली थी। एसडीएम के निर्देश पर वेयरहाउस कॉर्पोरेशन की मैनेजर श्वेता पवार, कृषि विभाग के एसएडीओ साहिल साहू टीम ने चेतन वेयरहाउस फुरतला का औचक निरीक्षण किया। उक्त गोदाम की दो यूनिट है, जिसकी पहली यूनिट में वर्ष 2025-26 का उपार्जित गेहूं भण्डारण मिला है। दूसरी यूनिट में मूंग बड़ा स्टॉक मिला, जो लगभग 1000 क्विंटल है। प्रथम दृष्टया मूंग अमानक पाई गई। इसके सिंपल लिए गए। चौकीदार बालाराम द्वारा बताया गया कि यह मूंग किसानों की है जो बारिश से बचाव के लिए रखी गई थी। मौके पर निगम के ताले लगवाएं गए। यह मूंग व्यापारी की भी होने की आशंका है। जिसे समर्थन मूल्य पर किसी केंद्र के माध्यम से बेचने की तैयारी है। हालाकि मामला जांच के बाद ही सामने आ सकेगा।

### प्रशासन ने बनाया पंचनामा, जांच के दिए निर्देश

चौकीदार बालाराम ने बताया कि यह मूंग किसानों की है, जो बारिश से बचाव के लिए रखी गई थी। हालांकि प्रशासन को आशंका है कि यह मूंग व्यापारियों की हो सकती है, जिसे समर्थन मूल्य पर किसी केंद्र के माध्यम से बेचने की तैयारी थी। नर्मदापुरम जिले में समर्थन मूल्य पर सरकारी मूंग की खरीदी शुरू हो गई। इसी के साथ ही मूंग की गड़बड़ी करने वाले भी सक्रिय हो गए। खरीदी शुरू होने के तीसरे दिन ही गुरुवार को अमानक मूंग का अवैध स्टॉक मिला। जिसमें एक हजार क्विंटल मूंग रखी है। सूचना पर एसडीएम के निर्देश पर खंड स्तरीय टीम मप्र वेयरहाउस कार्पोरेशन और कृषि विभाग अफसर चेतन वेयरहाउस फुरतला पहुंचे। जहां 1000 क्विंटल मूंग का स्टॉक मिला। जो प्रथम दृष्टया अमानक पाई गई। प्रशासन ने पंचनामा बनाकर चेतन वेयरहाउस में ताले जड़ दिए। जांच भी शुरू कर दी है।

# बारिश के बाद किसानों को मिली बोवनी के लिए बतर




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

एक सप्ताह की जोरदार बारिश के बारिश थम गई। विगत मंगलवार से बारिश थमी हुई है। वहीं जिले में कहीं कहीं बारिश हुई। इस दौरान नागरिकों ने राहत की सांस ली। वहीं मौसम में नमी बनी हुई है। मौसम विभाग ने आगामी एक सप्ताह में फिर बारिश का दौर शुरू होने की बात कही है।

### किसानों की बोवनी शुरू


झमाझम बारिश के बाद बोवनी की राह ताक रहे किसानों ने बोवनी कार्य प्रारंभ कर दिया है। सोयाबीन की फसल लेने वाले किसानों ने बोवनी की तैयारी कर ली थी वहीं जैसे ही बतर मिली किसान अपने ट्रेक्टर और कृषि उपकरण के साथ खेतों की ओर रूख कर दिया।

### इस वर्ष अच्छी बारिश

मौसम विभाग ने इस वष औसत से ज्यादा बारिश होने का अनुमान लगाया है। वहीं विगत दिनों की अपेक्षा अभी तक दो गुना से अधिक बारिश हो चुकी है। नर्मदापुरम में 11 जुलाई को तक 4687.4 मिमीवर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1709.4 मिमीवर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 11 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 525.9 मिमी, सिवनीमालवा में 417.0 मिमी, इटारसी में 432.6 मिमी, माखननगर में 365.0 मिमी, सोहागपुर में 599.0 मिमी, पिपरिया में 584.2 मिमी, बनखेड़ी में 755.0 मिमी, पचमढ़ी में 627.0 एवं तहसील डोलरिया में 381.7 मिमीवर्षा दर्ज हुई है। जिले की औसत वर्षा 1370.5 मिमी है।

## समेरिटंस स्कूल में एनसीसी गर्ल्स की भर्ती प्रक्रिया संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



5 एमपी गर्ल्स बटालियन से संबद्ध समेरिटंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल की जूनियर विंग गर्ल्स की भर्ती प्रक्रिया कमान अधिकारी के निर्देश में शुक्रवार को सम्पन्न हुई। भर्ती प्रक्रिया के पूर्व सभी दस्तावेज की जांच एवं योग्यताओं, शारीरिक दक्षता एवं सामान्य ज्ञान परीक्षा बटालियन के प्रतिनिधि हवालदार कुलवीर चंद्र, हवालदार मशबुक अहमद, संस्था की एनसीसी अधिकारी स्नेहा उपाध्याय के द्वारा पूर्ण की गई। भर्ती प्रक्रिया में संस्था के डायरेक्टर डा आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, एनसीसी मैनेजर प्रदीप यादव, सेकंड ऑफिसर विजय प्रकाश श्रीवास्तव, उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हितलाभ वितरण कार्यक्रम संपन्न, सांसद हुई शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम सभागार में आयोजित हितलाभ वितरण कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्रीमति माया नारोलिया सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लाभार्थियों ने भाग लिया और उन्हें योजना के तहत स्वीकृत लाभ प्रदान किए गए। माया नारोलिया जी ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों का घर बनाने का सपना पूरा होता है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का उद्देश्य है कि हर व्यक्ति के सिर पर छत हो और यह योजना उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव, उपाध्यक्ष अभय वर्मा, मंडल अध्यक्ष




रूपेश राजपूत, सागर शिवहरे, जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, पीयूष शर्मा, लोकेश तिवारी, बूथ अध्यक्ष धर्मेंद्र जाट, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, नगर की मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमश्वरी पाटले एवं अन्य सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

## नपा तेज गति से चला रही स्वच्छता अभियान नगर से कचरा उठा रहे हैं कचरा वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नपाध्यक्ष नीतू यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नगर में लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। बारिश के दिनों में कचरा सड़े न इस बात का ध्यान रखते हुए दुरतगति से वार्डों से कचरा उठाया जा रहा है। जेसीबी की मदद से आदमगढ़ और मालाखेड़ी क्षेत्र से कचरा हटाया गया। स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष श्रीमती यादव एवं सीएमओ श्रीमती पटले के स्पष्ट




निर्देश हैं कि बारिश के दिनों में स्वच्छता अभियान में किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। वहीं जनसुनवाई में आई स्वच्छता संबंधी शिकायत को भी प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जा रही है। नपाध्यक्ष नीतू यादव ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे बारिश के दिनों में कचरा यहां वहां न फैंकें। कचरा यहां वहां फैंक देने से पानी के साथ बहकर नाले नालियों में फंसते हैं जिसके चलते जलभराव की स्थिति बनती है। बारिश के दिनों में सावधान रहें सुरक्षित रहें।

## शौर्य दल मास्टर ट्रेनर्स हेतु एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना के मार्गदर्शन में शुक्रवार को शौर्य दल योजना अंतर्गत मास्टर ट्रेनर सेतु एकदिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के सभा कक्ष में किया गया। प्रशिक्षण में मार्गदर्शन प्रदान किए जाने हेतु न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विजय पाठक, जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ललित कुमार डेहरिया, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास बीपी गौर,




उपस्थित रहे। प्रशिक्षण हेतु प्रत्येक परियोजना से शौर्य दल के पांच सदस्यों को मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मास्टर ट्रेनर्स हेतु परियोजना अधिकारी प्रमोद गौर, बाल संरक्षण अधिकारी आशु पटेल, प्रशासक वन स्टॉप सेंटर श्रीमती प्रतिभा वाजपेयी, एवं विकासखंड खेल समन्वयक श्रीमती आरती शर्मा, विषय विशेषज्ञ द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। परियोजना अधिकारी प्रमोद गौर द्वारा जेंडर अवधारणा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, एवं महिलाओं एवं बच्चों हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विविध योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## स्प्रिंगडेल्स स्कूल के कैडेट्स भोपाल कैंप के लिए हुए रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल, नर्मदापुरम के एनसीसी गर्ल्स कैडेट्स ने एक बार फिर उत्कृष्टता का परिचय देते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। स्कूल के कैडेट्स भोपाल में आयोजित प्रतिष्ठित फायरिंग कैंप के लिए चयनित होकर रवाना हुए। ये चयन उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन और सैन्य प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण है। इस फायरिंग कैंप में कैडेट्स को आग्नेयास्त्रों के संचालन, सटीक निशानेबाज़ी, तथा सामरिक कौशल से संबंधित गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्कूल डायरेक्टर डॉ. आशीष चटर्जी, प्राचार्य शमोना चटर्जी, शिक्षकों ने चयनित छात्रों को हार्दिक बधाई दी।

## 'योजनाबद्ध पितृत्व के लिए स्वस्थ समय' की थीम पर मनाया गया विश्व जनसंख्या दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रतिवर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है जिसका उद्देश्य जनसंख्या स्थिरीकरण है। सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत के निर्देशन में शुक्रवार 11 जुलाई 2025 को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जिला प्रशिक्षण केंद्र नर्मदापुरम में एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यशाला एवं जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिले के सभी विकास खंडों के सभी ग्रामों में 11 जुलाई से 11 अगस्त तक जनसंख्या स्थिरीकरण माह आयोजित किया जाएगा। जनसमुदाय में लोगों को




परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी गर्भ निरोधक साधनों के बारे में प्रचार प्रसार कर जागरूक किया जायेगा। जनसंख्या स्थिरता माह के दौरान मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के द्वारा घर घर जाकर योग्य दंपतियों को अस्थायी गर्भ निरोधक साधन वितरण किये जायेंगे। जिसमें सास बहू सम्मेलन, पुरुष सहभागिता सम्मेलन आयोजित कर परिवार नियोजन सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी जायेगी। इस अवसर पर एम्स भोपाल से कंसल्टेंट मनोज चौहान, ब्लॉकों में बीएमओ, एमएंडडी अनुष्का मालवीय, एएसओ राजेश अहिरवार, बीईई,मीडिया एमपीडब्ल्यू सुनील साहू,शहरी एवं ग्रामीण एएनएम आशा, कर्मचारी उपस्थिति रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल इटारसी द्वारा शक्ति केंद्र क्रमांक 1 सरदार पटेल नगर के अंतर्गत बूथ क्रमांक 173 पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के साथ वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता विश्वनाथ सिंगल, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, शक्ति केंद्र संयोजक एवं पार्षद मनजीत कलोसिया, भाजपा पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष मयंक महतो, भाजपा महामंत्री सौरभ मेहरा, कैलाश रायकवार, बूथ अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण चौहान, मयूर मालवीय, संदीप तिवारी, रुद्र चौरे, शुभम गौर अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नर्मदा अपना अस्पताल ने स्वास्थ्य केंद्र में लगाया शिविर

## विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य शिविर में 130 मरीजों का किया स्वास्थ्य परीक्षण, नशे से दूर रहने दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आरोग्य भारती मध्यभारत प्रान्त की नर्मदापुरम जिला इकाई एवं नर्मदा अपना अस्पताल नर्मदापुरम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माखननगर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 130 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। हड्डी व जोड़ रोग विभाग में डॉ राजेश शर्मा एवं डॉ अखिल चौहान, किडनी ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ शशांक सिंह, कंसल्टेंट डॉ अनुव्रत भटनागर ने अनेक रोगों में आमजन को परामर्श दिया। शिविर के बारे में बताते हुए आरोग्य भारती मध्यभारत प्रान्त के अध्यक्ष और नर्मदा अपना अस्पताल समूह के मुखिया डॉ



राजेश शर्मा ने कहा कि हम आरोग्य भारती के माध्यम से मध्यभारत प्रान्त सहित पूरे देश में 27 आयामो पर काम कर रहे है इसी क्रम में ₹स्वास्थ्य परीक्षण आयाम₹ के अंतर्गत नर्मदा अपना अस्पताल के सहयोग से इस निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन राष्ट्रकवि स्व माखनलाल चतुर्वेदी जी के नाम से जाने जा रहे ₹माखननगर₹ में किया जा रहा है। स्वस्थ व्यक्ति से स्वस्थ परिवार , स्वस्थ परिवार से स्वस्थ ग्राम और स्वस्थ ग्राम से स्वस्थ राष्ट्र के विचार से आरोग्य भारती कार्य करती है। पूरा नर्मदापुरम जिला स्वस्थ हो इस हेतु नर्मदा अपना अपना अस्पताल लगातार निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर रहा है। हमारा लक्ष्य जिले व प्रान्त के हर ग्राम तक पहुँचकर हर व्यक्ति तक आरोग्य को पहुंचाना है। मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ अनुव्रत भटनागर ने बताया कि युवाओं में तेजी से बढ़ रही ह्रदय की बीमारियों का मुख्य कारण अनियमित जीवनशैली, तनाव और व्यसनों का अधिक प्रयोग है। स अवसर पर माखननगर लायंस क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत, पूर्व अध्यक्ष संजय वर्मा, दीपक वर्मा , सुरेश अग्रवाल, अजीत सेठी, उल्लास पाटनी, कैलाश भगोरिया ने कैम्प में पधारे चिकित्सकों का उनकी सेवाओं के लिए सम्मान किया।

## जनप्रतिनिधियों ने नपा परिसर में किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी नगरपालिका तेजगति से कार्य कर रही है। नपाध्यक्ष द्वारा जहां वार्डों में पौधरोपण किया जा रहा है, वहीं आज नगरपालिका परिषद द्वारा आयोजित अमृत हरित अभियान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगरपालिका कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। साथ ही पौधरोपण कर उसके संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती यादव द्वारा अपना रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि हम पर्यावरण संरक्षण के मामले में लगातार कर कार्य कर रहे हैं। वार्डों में अधिक से अधिक पौधरोपण किए जा रहे हैं पौधरोपण कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले सहित नगरपालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### किसान ने नशे में खाया सल्फास, मौत

**बैतूल।** मुलताई थाना क्षेत्र के करपा गांव में गुरुवार रात एक 38 वर्षीय युवक ने घर में सल्फास खा लिया। उस वक्त वह शराब के नशे में था। हालत बिगडऩे पर परिजन पहले उसे मुलताई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से जिला अस्पताल बैतूल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान हरिदयाल पिता भिखारी मनोटे के रूप में हुई है। वह खेती-किसानी करता था और परिजनों के अनुसार शराब पीने का आदी था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। जिला अस्पताल में शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया और फिर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। फिलहाल परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

### मप्र विद्युत मंडल पेंशनर्स की मासिक बैठक आज

**बैतूल।** मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक आज 12 जुलाई को दोपहर 12 बजे लिंक रोड स्थित कैंपेन हाउस में आयोजित की गई है।एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष बीपी धामोढ़े ने बताया कि हाल ही में जबलपुर स्थित कोकिला रिसॉर्ट में 24 जून को आयोजित प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी इस बैठक में दी जाएगी। बैठक में महंगाई राहत से संबंधित धारा 49(6) तथा पेंशन एस्क्रो गारंटी के संबंध में शासन से की जा रही मांग पर चर्चा होगी। इस संदर्भ में एसोसिएशन के अध्यक्ष एस.के. जयसवाल एवं अन्य पदाधिकारी 20 जुलाई को ग्वालियर में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से भेंट कर विषय की गंभीरता से अवगत कराएंगे।

### रोजगार मेले में 68 अभ्यर्थियों का चयन

**बैतूल।** जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में युवा संगम के तहत शुक्रवार को जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बैतूल में किया गया। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में कुल 158 आवेदकों ने पंजीयन कराया था। जिसमें 07 कम्पनियों के द्वारा 68 आवेदकों का प्राथमिक रूप से चयन कर 04 को लेटर ऑफ इंटेंट प्रदान किए गए। रोजगार मेले के साथ ही आईटीआई में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ परिक्षण शिविर भी आयोजित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 92 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 36 जांच सिकलसेल की गई।

### झाड़-फूंक में जाती है जान, सर्पदंश से निपटने जिला प्रशासन कर रहा जागरूक

# सर्पदंश : 15 माह में सर्पदंश के 521 लोग शिकार, हर साल 50 की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

हर साल मानसून में सर्पदंश के मामले बढ़ते हैं। कई लोगों की मौत भी हो जाती है। इसके पीछे बड़ा कारण यह है कि सर्पदंश की घटना के बाद लोग उपचार में लापरवाही या लेटलतीफी करते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में अभी भी सांप काटने पर झाड़-फूंक का ही सहारा लिया जाता है। अगर जिले की बात करें, तो वर्ष 2024-25 में सर्पदंश के 471 मामले सामने आए थे। वहीं 2025-26 में अब तक करीब 41 मामले आ चुके हैं।

चिकित्सकों की मानें, तो लोगों द्वारा सावधानी नहीं बरते जाने के कारण बारिश में सर्पदंश की घटनाएं ज्यादा होती हैं। डॉक्टरों के मुताबिक कुछ ही प्रजापति के सांप है जिसके काटने से मौत होती है। खासकर कोबरा, रसेल वाइपर और करैत प्रजाति के सांपों काटने से लोगों की मौत होती है। अगर सर्पदंश के तुरंत बाद समय पर इलाज के लिए मरीज को अस्पताल ले जाये, तो उनकी जान बच सकती है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में अभी भी लोग झाड़-फूंक कराते है और इसके बाद इलाज में देरी के कारण लोगों की जान तक चली जाती है।

#### 15 माह में 521 मामले 50 की लगभग मौत

मौसम बदलने के साथ सर्पदंश की घटनाओं के मामले आना शुरू हो गए हैं। हर साल कई लोग सर्पदंश का शिकार होते हैं। बीते 15 माह में जिले में सर्पदंश के 521 मामले जिला अस्पताल में पहुंचे हैं। इससे हर साल 40 से 50 लोगों की मौत हो रही है। सर्पदंश से पीड़ित को बचाने के लिए इस वर्ष बारिश के पूर्व ही प्रत्येक विकासखंड में इसकी व्यवस्था करा दी गई है। लगभग 25 से 30 वायल एंटी स्नेक वेनम जिले के हर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध कराए गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि एंटी स्नेक वेनम की सुविधा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी उपलब्ध होनी चाहिए, ताकि पीड़ितों को लंबी दूरी तय न करनी पड़े। असमय किसी को भी अपनी जान सपदंश के कारण न गंवाना पड़े।

#### सबसे अधिक ग्रामीण क्षेत्र में सर्पदंश की घटनाएं

जिले की अधिकांश आबादी ग्रामीण अंचलों में बसी है। इन इलाकों में जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा अधिक होता है। यही कारण है कि सर्पदंश से मरने वाले ग्रामीण क्षेत्र के लोग अधिक है। चिकित्सक भी इन मौतों का कारण जागरूकता का अभाव बताते हैं। इसलिए समय पर इलाज जरूरी है, लेकिन ग्रामीण उपचार न कराते हुए पहले झाड़-फूंक में ही लगे रहते हैं।

इस दौरान जहर पूरे शरीर में फैल जाता है और मौत हो जाती है। जानकार बताते है कि कई बार मौत का कारण जहर नहीं, बल्कि घबराहट भी होती है। डर से बीपी बढ़ता है, हार्ट अटैक या स्ट्रोक आने की आशंका होती है। कई मामले ऐसे भी आए, जहां सांप जहरीला नहीं था, लेकिन व्यक्ति की मौत कार्डियक अरेस्ट से हो गई।

#### जिला प्रशासन चला रहा जागरुकता अभियान

जिले में सर्पदंश की बढ़ती घटनाओं और इससे होने वाली मौतों को रोकने जिला प्रशासन को जागरूकता अभियान चलाना पड़ रहा है। बताया गया कि सर्पदंश के बाद शांत रहें और घबराएं नहीं, घबराने से हृदय की गति बढ़ जाती है, जिससे जहर का फैलाव शरीर में तेजी से हो सकता है। पीड़ित व्यक्ति का सिर ऊंचा रखकर लिटाएं। घाव को साफ पानी एवं साबुन से धो लें। घाव से खून का रिसाव होने दें। घाव पर ढीली व साफ पट्टी रखें। पीड़ित व्यक्ति को जितनी जल्दी हो सके, नजदीकी स्वास्थ्य संस्था में ले जाकर उपचार करवाएं। यदि संभव हो तो सांप की पहचान करने की कोशिश करें। सांप को पकडने या मारने का प्रयास न करें।

#### इनका कहना है

जिला अस्पताल में एंटी स्नेक वेनम पर्याप्त उपलब्ध है, क्योंकि जिले भर के सर्पदंश से पीड़ित सबसे ज्यादा मरीज जिला अस्पताल में ही पहुंचते हैं। इसलिए पर्याप्त स्टॉक रखा जाता है। सामुदायिक केंद्रों पर भी एंटी स्नेक वेनम दिए गए हैं।

**- डॉ जगदीश घोरे,** सिविल सर्जन जिला अस्पताल बैतूल

नगर पालिका द्वारा पहले एक प्रशिक्षित प्राइवेट व्यक्ति, जो सांप पकड़ने में माहिर था, को अनुबंधित किया गया था, परंतु उसके बीमार पड़ जाने के बाद हमारे द्वारा नागरिकों के घरों में निकलने वाले सांप आदि को पकड़ने हेतु फॉरेस्ट विभाग की सहायता से ही यह कार्य किया जाता है।

**सतीश मटसेनीया,** सीएमओ, नगर पालिका बैतूल

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधरोपण



**बैतूल।** शासकीय एकलव्य महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बैतूल में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नागर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार द्वारा एक पे? मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर श्री नागर ने कहा कि प्रकृति पूजन सनातन परंपरा है। पौधारोपण के साथ-साथ उसके पालन की भी व्यवस्था हम सब की जिम्मेदारी है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की है, जिसके तहत पौधारोपण अब जनता का अभियान भी बन चुका है। इस अवसर पर श्री पवार ने कहा कि वृक्षों की अच्छी सेहत का सीधा हमारे जीवन से संबंध है जिस तरह से वृक्ष निस्वार्थ भाव से समाज को देने का काम करते है। इसी तरह हम भी अपने दायित्व को समझते हुए पौधारोपण के साथ-साथ इन्हें पेड़ बनते तक संरक्षित करेंगे। इस दौरान संस्थान के प्राचार्य, नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बारस्कर, जिलाउपाध्यक्ष रश्मि साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, अभियान टोली के आनंद प्रजापति, महेश्वर सिंह चंदेल, संजू सोलंकी, राजा साहू, पंकज बतरा सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहे। पौधारोपण के पश्चात श्री पवार ने वृंदावन जाने वाले यात्रियों का स्वागत सत्कार करते हुए उन्हें विदाई दी। कराटे चैंपियन का स्वागत कर उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि खेलों में सफलता से हमारे परिवार के साथ-साथ हमारे गृह जिले और राष्ट्र का नाम ऊंचा होता है, निरंतर अपने क्षेत्र में सुधार करते हुए सफलता के कीर्तिमान अर्जित करें ऐसी कामना है।

# दोस्तों ने फावड़े से मारा, युवक की मौत, एक गिरफ्तार

**बैतूल।** भैंसदेही क्षेत्र के गुदगांव गांव में गुरुवार दोपहर शराब के नशे में हुए विवाद ने एक युवक की जान ले ली। 30 वर्षीय गोपाल उर्फ दीपेश ठाकरे पर उसी के परिचित अर्जुन लोखंडे और दो अन्य युवकों ने फावड़े से हमला कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने से गोपाल को भोपाल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। भैसदेही थाना प्रभारी नीरज पाल ने बताया कि गुरुवार को गोपाल और अर्जुन एक साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। जैसे ही दोनों घर की ओर बढ़े, अर्जुन ने पास में पड़ा फावड़ा उठाया और गोपाल के सिर पर जोरदार वार कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल गोपाल को पहले भैंसदेही स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे बैतूल जिला अस्पताल और फिर भोपाल रेफर किया गया। लेकिन होशंगाबाद के पास ही गोपाल ने दम तोड़ दिया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। अचानक हुई इस घटना से गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस ने मुख्य आरोपी अर्जुन लोखंडे को हिरासत में ले लिया है और आगे की जांच जारी है।

# विधायक गंगा उइके ने विद्यार्थियों को वितरित की निःशुल्क साइकिल

### कल्याणपुर निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन



**शाहपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुर में शुक्रवार को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरण एवं विद्यालय में टीन शेड तथा साइकिल स्टैंड निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में घोड़ाडोंगरी विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य एचआर झरबड़े द्वारा स्वागत भाषण से किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक श्रीमती उइके द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। उन्होंने विद्यालय में शासन द्वारा संचालित डिजिटल क्लासरूम, तकनीकी सुविधाओं से युक्त प्रयोगशाला, ड्रोन तकनीक के उपयोग तथा विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों की सराहना की। उन्होंने कहा कि तकनीक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थी भी उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हो सकते हैं। कार्यक्रम में गैलेन्द्र राठौर, नन्दन यादव, अजय प्रेमनारायण बाजपेयी, सरपंच श्रीमती रामप्यारी यादव कल्याणपुर, कढ़ाई सरपंच श्रीमती पुष्पा झरबड़े, पूर्व सरपंच होरीलाल यादव एवं जनपद सदस्य श्री माधोराव नानकर सहित अभिभावकगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### नवीन सत्र के शुरू होते ही उत्कृष्ट विद्यालय में एनसीसी भर्ती संपन्न

# एनसीसी में भर्ती के लिए छात्रों ने लगाई दौड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ होने के साथ ही विद्यालयों में सह शैक्षणिक गतिविधियां भी प्रारंभ हो चुकी है। देश की द्वितीय रक्षा पंक्ति कही जाने वाली एनसीसी की भर्ती प्रक्रिया भी विभिन्न विद्यालयों व कालेजो में शुरू है।

जिले के सबसे प्राचीन और समन्वयक संस्था शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में डीजी एनसीसी एवं 13 एमपी बटालियन नर्मदापुरम के कमान अधिकारी ले.कर्नल अमरजीत सिंह छटवाल के निर्देशानुसार, प्राचार्य सत्येंद्र उदयपुरे के मार्गदर्शन में एनसीसी कैडेटों की भर्ती की गई। जिसमें एनसीसी ऑफिसर ओम द्विवेदी ने जहाँ रंगरूटों का बौद्धिक व मानसिक स्तर परखा वहीं बटालियन से आये आर्मी इंस्ट्रक्टर हवलदार नरेश और हवलदार सत्यदेव ने शारीरिक व मेडिकल परीक्षण किया। एनसीसी में भर्ती होने के लिए नव प्रवेशित छात्रों में शुक्रवार सुबह से उत्साह देखा गया। भर्ती के निर्धारित समय के पूर्व ही छात्र मैदान में मौजूद होकर तैयारी करते दिखाई दिये। एक सैकडा से अधिक छात्रों द्वारा भर्ती हेतु पंजीयन कराया था।

संख्या अधिक होने से इन रंगरूटों को 4 ग्रुपों में बांटा गया था। बारी बारी से इन ग्रुपों का टेस्ट लिया गया। जिसकी शुरुआत 400 मीटर के एक राउंड दौ? से की गई। इसके बाद पुशअप एवं सिटअप कराए गए। ऊचाई व सीना की नपाई के साथ आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। भर्ती में सफल हुए सभी 50 रंगरुट छात्रों को एनसीसी ऑफिसर ओम द्विवेदी ने एकता और अनुशासन की शपथ दिलाई तथा एनसीसी से भविष्य के स्वर्णिम अवसरों की प्राप्ति कैसे करें से अवगत कराया।

ये रंगरूट अब दो साल तक राष्ट्रीय कैडेट कोर द्वारा जूनियर डिवीजन हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम का प्राथमिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। संस्था के पूर्व कैडेट ने बताया कि एनसीसी में वर्ष भर विभिन्न समसामयिक गतिविधियाँ कराई जाती है। जिससे कैडेट में नेतृत्व की क्षमता, सामाजिक सहयोग की भावना एवं व्यक्तित्व का विकास होता है। भर्ती प्रक्रिया के अवसर पर एनसीसी के पूर्व कैडेट, संस्था के द्वितीय वर्ष के सीनियर कैडेट सहित शाला के अन्य शिक्षकों मौजूद थे।

### संभागायुक्त ने समीक्षा बैठक आयोजित कर दिए दिशा-निर्देश

# वर्षा ऋतु में कोई भी जन-धन की हानि नहीं हो, अधिकारी अलर्ट पर रहें : संभागायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




वर्षा ऋतु के दौरान सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ और सम्बन्धी विभागों के अधिकारी सतर्क रहें। सुरक्षा के सभी पूर्व आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। सार्वजनिक इमारतों, स्कूल भवनों, आंगनवाडियों, स्वास्थ्य केन्द्रों पर सतत नजर बनाएं रखें। जर्जर भवनों को तत्काल डिस्मेंटल कराएं। किसी भी प्रकार की जनहानि और धन हानि न हो यह सुनिश्चित किया जाएं। यह निर्देश संभागायुक्त नर्मदापुरम श्री के जी तिवारी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट बैतूल में आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिए।

बैठक में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, वन मंडल अधिकारी उत्तर नवीन गर्ग, वन मंडल अधिकारी वरुण यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, प्रशिक्षु आईएफएस सुंदर निवेदन , उपायुक्त नर्मदापुरम भी गणेश , अपर कलेक्टर श्री राजीव नंदन श्रीवास्तव सहित जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि जनसामान्य के कार्यों को पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता से किया जाएं। जनपद सीईओ, सीएमओ नगरपालिका , सडक़ विभाग सतत अपने क्षेत्रों का भ्रमण करते रहे और सुनिश्चित करें कि सडक़ों को स्थित अच्छी रहे। सडक़ों पर गड्ढे होने की शिकायतों का त्वरित निराकरण कराएं। इसी प्रकार नाली के ब्लॉकेज ,पेयजल, बिजली , जलभराव की समस्याएं आने कर उनका तत्परता से समाधान कराएं। संभागायुक्त श्री तिवारी ने निर्देशित किया कि सभी एसडीएम अपने क्षेत्र में संपूर्ण व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदार हैं। विभागीय अधिकारियों से समन्वय और सहयोग से कार्य करना आपका प्रमुख उत्तरदायित्व हैं। इसी प्रकार विकास से जुड़े कार्यों में भी एसडीएम लीडरशिप लें। अपने क्षेत्र में फीड बैक सिस्टम डेवलप करें। नकारात्मक खबरों पर त्वरित एक्शन लिया जाएं। रोस्टर तय कर विभागों के कार्यों का निरीक्षण किया जाएं। सीएमओ ,जनपद सीईओ और बीएमओ से वर्षा की तैयारियों की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**कोई भी ऑफलाइन दर्ज न हो राजस्व प्रकरण :** वन खंड व्यवस्थापन के प्रकरणों की अनुविभागवार समीक्षा कर संभागायुक्त श्री तिवारी ने कहा कि प्रकरणों में आवश्यक बिंदुओं का पालन कर उन्हें दर्ज कराएं। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों से ऑफलाइन दर्ज प्रकरणों के बारे में जानकारी और निर्देशित किया कि कोई भी प्रकरण ऑफलाइन दर्ज नहीं किया जाएं। ऑफलाइन दर्ज पाए जाने पर संबंधित एसडीएम के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम और एसडीओ फॉरेस्ट की जानकारी और समन्वय में कमी न हो। उन्होंने स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और अन्य संबंधित विभागों को वन विस्थापन के प्रकरणों का एसडीओ फॉरेस्ट से समन्वय कर निराकरण कराए। सभी राजस्व अधिकारी अपने क्षेत्र में अभियान चलाकर जाति प्रमाण पत्र बनाए जाएं।

**निजी स्कूल वाहनों की करे जांच :** उन्होंने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम सुनिश्चित करे कि ज्ञात और अज्ञात वाहन से होने वाली दुर्घटना में राहत के प्रकरण लंबित न रहें। अपने क्षेत्र के थाने के साथ राहत प्रकरणों की सतत समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि सडक़ सुरक्षा के दृष्टिगत अपने क्षेत्र में ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन कर वहां सुरक्षा के सभी उपाय सुनिश्चित किए जाएं। निजी बस वाहनों की निरीक्षण भी किया जाएं। निजी स्कूल बस वाहन की फिटनेस, वाहन चालक सहित अन्य आवश्यक प्रमाणित जानकारी ली जाएं। अवैध उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही कराएं।प्रदूषण के दृष्टि से पॉल्यूशन कंट्रोल द्वारा औद्योगिक इकाइयों की भी निष्पक्ष रूप से जांच की जाएं।

**स्वास्थ्य और महिला बाल विकास का गंभीरता से कार्य करें:** संभागायुक्त श्री तिवारी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र में बाल मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए गंभीरता से कार्य करें। इस प्रकार पोषण आहार वितरण योजनाओं का भी प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन कराएं। सभी धात्री माताओं और बच्चों का शत प्रतिशत पंजीयन किया जाएं। आंगनवाड़ी अपने निर्धारित दिवसों पर अनिवार्य रूप से खुलें। आंगनवाडय़ों में बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत रहे। उप स्वास्थ्य केंद्र समय पर खुलें और वहां स्वास्थ्य का अमला समय पर पहुंचे। इस प्रकार सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारी भी कार्यालयों में समय पर पहुंचे।

### श्रीलंका, पाकिस्तान को हराकर फाइनल में जगह बनाई

# अंचल की अंतर्राष्ट्रीय कराते खिलाड़ी कल्याणी कोड़पे का किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



जिला खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित जिला कराते प्रशिक्षण केन्द्र की खिलाडी कल्याणी कोड़पे जो कि वर्तमान में मध्यप्रदेश राज्य कराते अकादमी भोपाल में प्रशिक्षणरत है और 5 जुलाई से 6 जुलाई तक कोलम्बो श्रीलंका में आयोजित हुई साउथ एशियन सीनियर कराते चैंपियनशिप में महिला व्यक्तिगत 66 कि.ग्रा. में खेलते हुए श्रीलंका, पाकिस्तान को हराकर फाइनल में जगह बनाई और सिल्वर मेडल प्राप्त किया। जिनके प्रथम आगमन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति पार्वती बाई बारस्कर जिला भाजपा अध्यक्ष सुधाकर राव पंवार अन्य जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, खिलाड़ीगण, जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी एवं परिजनों के साथ रेल्वे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया।

तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय में श्रीमान पुलिस अधीक्षक द्वारा कल्याणी कोड़पे साउथ ऐशियन सीनियर कराते चैंपियनशिप और थाईलैंड में आयोजित अंडर -21 ओपन टूर्नामेंट में पदक विजेता को जिला बैतूल का प्रतिनिधित्व करने एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर में रजत पदक अर्जित करने पर बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्रीमति पूजा कुरील ने बताया की अर्जुन नगर खंजनपुर बैतूल की निवासी है, कल्याणी कोड़पे विगत 03 वर्षो से. विभाग द्वारा संचालित जिला कराते प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षक महेन्द्र सोनकर के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसके आधार पर पिछले वर्ष कल्याणी का चयन मध्यप्रदेश राज्य कराते अकादमी भोपाल में किया गया। इसके अलावा कल्याणी कोड़पे ने माह जून 2025 थाईलैंड में आयोजित अंडर -21 ओपन टूर्नामेंट में 61 कि.ग्रा. में महिला व्यक्तिगत नेपाल, थाईलैंड, मलेशिया हांगकांग को हराकर फाइनल मैच में सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

बैतूल हेल्पलाइन संपर्क : 9425382122, 8839830267

B.ED.प्रवेश तृतीय चरण

बी. आर. अंबेडकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बैतूल

द्वितीय चरण में प्रवेशित छात्र/छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई/स्वागत। दि. 26 जून 2025 से 30/06/2025 तक आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों का सत्यापन कर दि. 26/06/2025 से 01/07/2025 तक निर्धारित शुल्क आनलाईन जमा कर प्रवेश निश्चित करें तथा कालेज आकर प्रवेश फार्म भरे। शेष रह गये छात्र/छात्राएं निराश न होवें, तृतीय चरण में आनलाईन पंजीयन एवं संस्था का चयन 25 जून 2025 से 30 जून 2025 तक करावें। आनलाईन दस्तावेजो का सत्यापन हेल्प सेंटर पर जाकर 26 जून 2025 से 01 जुलाई 2025 तक करायें। सीट आवंटन एवं प्रवेश शुल्क भुगतान की तिथि 05 जुलाई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक। प्रवेश परीक्षा नही। प्रथम च्वाईस में भीमराव रामराव अंबेडकर कालेज आफ एजुकेशन, बैतूल (कालेज कोड - BED823) ही लिखें। रिजल्ट - 20 वर्षो से EXCELLENT, अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति / अन्य पिछडा वर्ग को छात्रवृत्ति सुविधा शासन के नियमानुसार। मेडम या सर बनना निश्चित।

संपर्क - 9302846996, 9300974327, 9826231552, 9111788845



## शिविर में हितग्राहियों को किया लाभान्वित

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जनजातीय आबादी के लिए समान अवसरों का सृजन, सामाजिक-आर्थिक स्तर का विकास, बुनियादी ढांचे में सुधार और स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आजीविका के क्षेत्र में ठोस प्रगति के उद्देश्य से जिले में 15 जून से 15 जुलाई तक धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सीहोर जिले के चिन्हित 80 गांवों में अब 15 जुलाई तक दिनांकवार शिविर लगाए जा रहे हैं। अभियान के तहत ग्रामों में ग्राम सभाएं भी आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत 09 जुलाई को चिन्हित गांवों में शिविर लगाकर 347 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। कलेक्टर बालागुरू के. ने इस अभियान के तहत चिन्हित किए गए सीहोर जिले के 80 गांवों के जनजातीय समुदाय के नागरिकों से अभियान के तहत दिनांकवार लगने वाले शिविरों में उपस्थित होने और योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने अपील की है कि सभी पात्र हितग्राही शिविरों में उपस्थित हों और पात्रतानुसार लाभ लें, ताकि जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों का भी निरंतर विकास हो सके और कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

### नवागत सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने दिए आदेश, खंगाली जा रही पुरानी फाइलें

# गुप्त तरीकों से अनुमति लेकर विस्तारित की गई दुकानों का विवरण जुटा रही नप

सोहागपुर नप के नवागत सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने जॉइनिंग के साथ ही नप की दुकानों सहित अन्य दुकानों का विवरण जुटाना प्रारंभ किया है। ताकि दुकानों के वास्तविक क्षेत्रफल आंकलन किया जा सके। इससे राजस्व की बढ़त हो सकती है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



सोहागपुर नप राजस्व शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार शहर में संचालित सभी तरह की दुकानों का विवरण जुटाने के आदेश सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने कर्मचारियों को दिए हैं। उद्देश्य है कि दुकानों के सही क्षेत्रफल का आंकड़ा तैयार किया जाए व क्षेत्रफल के हिसाब से दुकान किराया वसूला जाए। सूत्र बताते हैं कि अभी भी व्यापारियों से दुकान आवंटन समय के क्षेत्रफल अनुसार किराया लिया जा रहा है। जबकि कई दुकानों के क्षेत्रफल बदल चुके हैं। जिसके पीछे कारण है जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों तथा व्यापारियों के बीच की सेटिंग, जिसके चलते दुकानों के स्वरूप बदल गए, लेकिन किराया पुराने क्षेत्रफल के हिसाब से ही वसूला जा रहा है।

### बढ़ी दुकानों की मंजिलें

सोहागपुर नप सूत्र बताते हैं कि वहर के बाजार में कई दुकानें ऐसी हैं जो नगर परिषद के दस्तावेजों के अनुसार भूतल पर संचालित हो रही हैं। जबकि इन दुकानों में से कई में तलघर बन चुके हैं और पहली या दूसरी मंजिलें भी बनाई जा चुकी हैं। दुकानों के स्वरूप बदलने के हिसाब से टैक्स भी बढ़ना चाहिए, लेकिन अंजाने समझौतों के चलते आज भी पुराना ही किराया वसूला जा रहा है। लेकिन अब कर बदलाव एवं नियमानुसार कर वसूली की संभावना सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के आने के बाद बढ़ गई है। जिससे नगर परिषद की आय में बढ़ोतरी भी होगी।

### अंदरूनी दुकानों पर नजर

जानकारी अनुसार सीएमओ शर्मा ने शहर के अंदरूनी क्षेत्र एवं वार्डों में संचालित दुकानों का विवरण जुटाने के भी निर्देश दिए हैं। ताकि ज्ञात हो कि यदि दुकान संचालित की जा रही है तो वहां से सिर्फ आवास का किराया लिया जा रहा है या दुकान के कारण कमर्शियल टैक्स भी वसूला जा रहा है। उल्लेखनीय है कि लोगों ने मकानो में दुकानें बना लीं, लेकिन टैक्स आबादी का ही दे रहे हैं। जबकि दुकान का व्यावसायिक कर बढ़ना चाहिए। यदि किसी भी तरह का दबाव नपाधिकारियों पर नहीं आता है, तो निश्चित रूप से नप की आय में अभूतपूर्व बढ़ोतरी होगी, जिससे नगर विकास के कार्य होंगे।

### यह है दुकानों का आंकड़ा

सोहागपुर नप के पास शहर की दुकानों का जो डाटा है उसके अनुसार शहर में 700 दुकानें हैं। जिनमें से लगभग 250 दुकानें नगर निकाय द्वारा बनाकर नीलामी प्रक्रिया द्वारा व्यापारियों को दी गई हैं। लेकिन यह डाटा छोटा समझ में आता है। शहर में सरकारी डाटा के आंकड़े से हटकर भी कई दुकानें हैं जो वार्डों की गलियों में संचालित हो रही हैं। जिनका आंकड़ा नगर परिषद के पास उपलब्ध नहीं है। सूत्र बताते हैं कि शहर में 1000 से अधिक दुकानें मुख्य बाजार सहित बाजार के आसपास के क्षेत्र एवं वार्डों में संचालित होती हैं।

# हाईवे पर वाहनों से टकरा कर घायल हो रहे राहगीर व पशु



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आंचलखेड़ा

पिपरिया- नर्मदापुरम राज्य मार्ग पर स्थित आंचलखेड़ा बस स्टॉप पर कई दिनों से पशुओं ने हाईवे की सड़क को अपने बैठने का अड्डा बना लिया है यहां पर प्रतिदिन सैकड़ो की तादाद में पशु आकर सड़क पर बैठकर आराम फरमाते हैं उन्हें क्या पता कि यह मार्ग कौन सा है उन्हें तो बैठने से मतलब। लेकिन इन पशुओं की सुध लेने बाला कोई नहीं है आए दिन यहां पशु टकराकर घायल हो रहे हैं साथ ही छोटे वाहन चालक भी हादसे का शिकार हो रहे हैं।

दरअसल यहां पर रात्रि के समय वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है प्रतिदिन यहां पर जाम जैसी स्थिति बन रही है। इधर हरिभूमि अखबार ने भी गत दिवस पूर्व आंचलखेड़ा में हाईवे की सड़क पर पशुओं ने बनाया बैठने का अड्डा नामक शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी लेकिन क्षेत्र के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के कान में जूं तक नहीं रेंगा।

### एक दर्जन से अधिक गांवों का आवागमन होता है

देखा जाए तो आंचलखेड़ा बस स्टॉप जोकि आसपास ग्रामीण क्षेत्र को जोड़ने वाला बड़ा स्टाफ माना जाता है यहां से लगभग एक दर्जन से अधिक गांव के लोगों का आवागमन रहता है परंतु यहां पर पंचायत की ओर से कुछ भी व्यवस्था नहीं है। यदि पशुओं को एक जगह पर व्यवस्थित एकत्रित कर दिए जाए तो वे टकराने से बच सकते हैं परन्तु इनकी सुध लेना वाला कोई आगे नहीं आ रहा है।

### प्रशासन से की लोगों ने मांग

हाईवे सड़क पर पशुओं के बैठने के कारण वाहनों की टक्कर से पशु भी घायल हो रहे हैं वहीं यहां आए दिन एक न एक पशु टकरा कर या तो घायल हो रहा है या फिर उसकी मौत हो रही है क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से मांग की है। कि जल्द से जल्द इन पशुओं की व्यवस्था कराई जावे जिससे पशु टकराने से बच सके एवं छोटे वाहन चालक हादसे का शिकार ना हो।

### इनका कहना है

पशुओं के लिए अभियान चलाया जाएगा जिसमे आवारा छोड़े गये पशुओ को उनके पालकों को दण्डित किया जायेगा साथ ही उन पर एफआईआर भी दर्ज होगी एवं आवारा पशु जिनके पालक नहीं है उन पशुओं को नजदीकी गौ शालाओं में पहुंचाने का काम करेंगे। साथ ही इस पर कार्यवाही की जायेगी।

**सोजान सिंह रावत**
**जिला पंचायत सीईओ नर्मदापुरम**

# नई शिक्षा नीति के तहत विषय विशेषज्ञों ने शिक्षकों को दिया दो दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर



शिक्षकों की दक्षता में सतत विकास के उद्देश्य से जनपद शिक्षा केंद्र माखन नगर द्वारा शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल माखन नगर में प्राचार्या प्रीति झा के सहयोग से मिडिल स्कूल के सामाजिक विज्ञान गणित विज्ञान के शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ सामाजिक विज्ञान का प्रशिक्षण का प्रथम बैच 7- 8 जुलाई 2025 एवं द्वितीय बैच 9-10 जुलाई 2025 को संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण एम टी संतोष कुमार तिवारी माध्यमिक शिक्षक रजोन एवं अमित गौर जन शिक्षक सांगाखेड़ा कला द्वारा दिया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 की संशोधित सामाजिक विज्ञान विषय के उद्देश्य के अनुरूप हुआ प्रशिक्षण के प्रथम बेचने 33 एवं द्वितीय बैच में 32 प्रतिभागियों में प्रशिक्षण प्राप्त किया इसके पूर्व गणित विषय का प्रशिक्षण एम टीअशोक यादव सीएसी आरी एवं रामचरण यादव माध्यमिक शिक्षक सेंदरवाडा ने दिया। विज्ञान विषय का प्रशिक्षण एम टी रश्मि जायसवाल मा शि सांगाखेड़ा कला परमेश्वरी चौकीकर मां शि सांगा खेड़ा कला द्वारा दिया गया प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर बीआरसी श्याम पटेल द्वारा प्रशिक्षण की महत्व बताते हुए सभी शिक्षकों को अपने स्कूल में प्रशिक्षण में बताई गई प्रविधियो का पालन करते हुए पढ़ने के निर्देश दिए बीएसी रामभरोस वामनिया एवं समस्त सीएसी का सहयोग मिला प्रोजेक्ट का संचालन दिनेश मालवीय द्वारा किया गया प्रशिक्षण के उपरांत एम टी संतोष कुमार तिवारी व अमित गौर का गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शिक्षक साथियों द्वारा सम्मान किया गया।

# विस प्रभारी ने अपने जन्मदिन पर मां के नाम एक पेड़ लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी भाजपा नेता नवनीत सिंह नागपाल का जन्मदिन भाजपा कार्यालय नगर पालिका परिषद कार्यालय उनकेनिवास तथा ग्रामपंचायत सिलारी मंगलवार चौराहा एवं विधानसभा बनखेड़ी विकासखंड पिपरिया विकाएखंड एवं मटकुली पचमढ़ी में अलग-अलग कार्यकर्ताओं के द्वारा विधानसभा प्रभारी का जन्मदिन मनाया गया सुबह से ही उनके समर्थकों के द्वारा बधाई देने एवं के काटने का तांता लगा रहा। उसके बाद अलग-अलग क्षेत्र में उनका जन्मदिन मनाया गया लोगों के द्वारा मिठाई वितरण करपटाखे फोड़े गए एवं के ककाटे गए इस दौरान विधानसभा प्रभारी नवनीत सिंह नागपाल केदारा एक



पेड़ अपनीमा प्रीतम कौर नागपाल के नाम लगाया गया इस दौरान पिपरिया ग्रामीण मंडल के महामंत्री प्रीतम सिंह पुरवइया एवं सैकड़ो कीतदात में उनके समर्थक उपस्थित रहे।

### पचमढ़ी में पहुंचे सैलानी

विगत दिनों बारिश से पचमढ़ी का मौसम सुहाना हो गया है। जिसे देखने के लिए सैंकड़ो की तादात में श्रृद्धालु पहुंच रहे हैं। वहीं आने वाले दिनों में नागद्वारी मेले के लिए भी श्रृद्धालु आ रहे हैं।

# नप के पीएम आवासों की बैठक में ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने शुक्रवार सुबह कार्यालय में प्रधानमंत्री आवास योजना संबंधित बैठक कर योजना की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली है। बैठक में योजना प्रभारी एवं वार्ड प्रभारी उपस्थित थे। बैठक में सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के नियमों से सभी उपस्थित कर्मियों को अवगत कराया। सूत्र बताते हैं कि कई ऐसे नियम भी बैठक में धर्मेंद्र शर्मा के द्वारा बताए गए जिनसे सोहागपुर नपकर्मी अब तक अनभिज्ञ थे।

सीएमओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना की वर्तमान स्थिति की जानकारी भी वार्डवार प्रभारियों से ली। उन्होंने प्रत्येक वार्ड में स्वीकृत आवासों व लंबित प्रकरणों के बारे में पूछा। अधूरे आवास की स्थिति में किश्त प्रक्रिया



या हितग्राही द्वारा किश्त लेने के बाद आवास पूर्ण न करने पर नोटिस देने के बाबत भी धर्मेंद्र शर्मा ने कर्मचारियों से जानकारी ली। इस दौरान सहायक राजस्व निरीक्षक संजय परसाई, सीएम दुबे, अशोक कुशवाहा, डी गौर, प्रबुद्ध दुबे, अनिल रघुवंशी, राधेश्याम रघुवंशी, लक्ष्मी नारायण मालवीय, प्रहलाद किरार व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# सोहागपुर में श्री शंभू दरबार में मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नगर की पलाश परिसर कॉलोनी स्थित श्री शंभू दरबार में गुरु पूर्णिमा महोत्सव गुरुवार को मनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्मलीन पं. मनमोहन मुदगल महाराज के भिलाई, दंतेवाड़ा, छिंदवाड़ा, जबलपुर, भोपाल, इंदौर, खंडवा, हरदा व अन्य क्षेत्रों से आए शिष्यों ने पादुका पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरुवार सुबह से दरबार में महारुद्राभिषेक, गुरु दीक्षा, आरती, पादुका पूजन, भजनांजलि कार्यक्रम किए गए। जिसके बाद भंडारा आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर वर्तमान गादीधारी गृहस्थ साधक पं. प्रकाश मनमोहन मुदगल ने शिष्यों को आशीर्वचन प्रदानकर गुरु पूर्णिमा का महत्व बताया। पं. प्रकाश मुदगल ने अपने गुरु ब्रह्मलीन पं. राजेंद्र सहारिया को याद कर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। आयोजन गुरुवार को देर रात भजनों की प्रस्तुति के साथ संपन्न हुआ।





### धुनी वाले दादा का भंडारा संपन्न

**इटारसी।** धुनी बाले दादा धूनी वाले परिवार गांधीनगर द्वारा 8वें वर्ष में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। दोपहर से शाम तक लगभग करीब 5 हजार श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद प्राप्त किया। अग्रवाल परिवार के द्वारा धूनी वाले दादा का पूजन, अर्चन एवं हवन संपन्न करने के पश्चात सबसे प्रथम कन्याओं को भोज कराया गया। उनको वस्त्र आदि वितरण किए गए। उसके पश्चात ब्राह्मण साधु संत के भोजन प्रसादी उपरांत सभी श्रद्धालुओं को भोजन को शादी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक डॉ सीतासरन शर्मा एवं मध्य प्रदेश तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर पार्षद देवेन्द्र पटेल, शेखर पगारे (बाबू), गोलू तिवारी, लड्डु अग्रवाल, गुड्डु अग्रवाल, बंटी अग्रवाल, छोटू अग्रवाल, शैलेन्द्र दुबे, अमित मोर्य, उपस्थित हुए।

# बारिश के दौरान जमा हुए में मच्छरों से बचाव के लिए नगर पालिका का सफाई कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

पिपरिया प्रतिदिन हो रही लगातार बरसात के कारण लोगों के घरों के आसपास छत पर गंदा पानी एकत्रित हो रहा है।

इस बात को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत प्रत्येक वार्ड मे नगर नगर पालिका परिषद के द्वारा नालियों की सफाई कराई जा रही है तथा पार्षद लगातार अपनेवार्ड में सफाई पर ध्यान दे रहे हैं।

नगर पालिका परिषदका क्षेत्र बड़ा होने के कारण तथा बरसात में मच्छरों की समस्या बढ़ाने के कारण नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल एवं मुख्य नगर





पालिका अधिकारी आरपीनायक सभी अधिकारी कर्मचारी नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं सभी पार्षदों की उपस्थिति में नई फगिंग मशीन लाई गई तथा अतिथियों के द्वारा उसकापूजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद मे ही दवा का छिड़काव कर मशीन चलाई गई जिमच्छर मच्छर से निजात मिल सके तथा प्रत्येक बाढ़ मेंमशीन को चलाया जा सके।

### नवागत थाना प्रभारी ने संभाला पदभार

**सोहागपुर।** सोहागपुर थाने में



नवागत थाना प्रभारी उषा मराबी ने गुरुवार शाम पदभार संभाल लिया है। शुक्रवार को हरिभूमि संवाददाता ने उषा मराबी से चर्चा की। मराबी ने कहा कि सोहागपुर शांति प्रिय क्षेत्र माना जाता है। और इस क्षेत्र की शांतिप्रियता बनी रहे इस बात के विशेष प्रयास सतत रूप से पुलिस के द्वारा किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सोशल पुलिसिंग को बढ़ावा देने का भी उनका विशेष प्रयास रहेगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले वे सिवनी मालवा में थाना प्रभारी रही हैं एवं हाल ही में एसपी नर्मदापुरम की रीडर रहीं। उषा मराबी की आमद पर समस्त अधीनस्थ पुलिसकर्मियों ने उनका स्वागत किया।

### मंहगाई से आमजन बेहाल, रसोई फीकी

# एक सप्ताह में दोगुने हुए सब्जी के दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

आम परिवारों के रसोईघरों में इन दिनों सब्जियां कम ही पकाई जा रही हैं और दाल-रोटी से काम चलाया जा रहा है। क्योंकि गत एक सप्ताह में ही अधिकतर सब्जियों के दाम लगभग दोगुने हो गए हैं। हरिभूमि ने हाट बाजार के दिन गुरुवार को बाजार में सब्जियों के ताजा दाम पता किये तो ज्ञात हुआ कि सप्ताह भर में दाम बढ़ गए हैं। आलू व प्याज ही वर्तमान में मध्यम वर्गीय परिवारों की जेब के लिए ठीक हैं। जिनके अलावा सभी सब्जियों के भाव बढ़े हैं।

सब्जी विक्रेता नर्मदा प्रसाद कहार ने बताया कि मुनगा फली



वर्तमान में 120 रुपये किलो के भाव पर है, जबकि गत सप्ताह यह 80 रुपये प्रतिकिलो बिकी थी। फूलगोभी 60 से बढ़कर 80 रुपए प्रतिकिलो, मिर्ची 60 रुपए से बढ़कर 120 रुपए प्रतिकिलो, भटा 30 से 60 रुपए प्रतिकिलो, टमाटर 40 से बढ़कर 60 रुपए प्रतिकिलो तथा शिमला मिर्च 50 से बढ़कर 80 रुपए प्रतिकिलो के भाव पर हैं। भिंडी व गिलकी के भाव भी दोगुने हो गए हैं।

# लीज नवीनीकरण के सैकड़ों लंबित प्रकरणों के चलते नागरिकों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर शहर में लीज नवीनीकरण प्रक्रिया से शहरवासी परेशान हैं। लीज नवीनीकरण कार्य नहीं हो रहे हैं। जिसके चलते सोहागपुर के नागरिकों ने शुक्रवार को कांग्रेसियों के नेतृत्व में एक ज्ञापन कलेक्टर नर्मदापुरम के नाम सौंपा है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस नेताओं तथा नागरिकों ने एसडीएम अनिल जैन को बताया कि 1980-81 के दौरान सोहागपुर शहर को नजूल घोषित किया गया था। लेकिन तब की प्रशासनिक व्यवस्था की कमी के चलते नजूल रिकॉर्ड में सोहागपुर का नाम दर्ज हुआ अथवा नहीं यह अभी तक अज्ञात है। ज्ञापन में उल्लेख है कि सोहागपुर शहर में जितने भी आबादी के प्लाट अथवा मकान हैं, इन सभी की लीज समाप्त हो गई हैं। ज्ञापन में



उल्लेख है कि कुछ लीज 2012 में व कुछ 2016 में समाप्त हुई। इस तरह के प्लाट या मकानों की संख्या लगभग 2700 है। 2016 से लीज नवीनीकरण को लेकर सैकड़ों शहरवासी परेशान हैं। यह समस्या सोहागपुर शहर के बाशिंदों के समक्ष आ रही है कि वे जिस मकान में रह रहे हैं, अथवा जो प्लाट या भूखंड उनके नाम पर पंजीकृत है उसकी भी लीज शासकीय स्तर पर उन्हें प्राप्त नहीं हो पा रही है। सैकड़ों आवेदन राजस्वाधिकारी कार्यालय में पेंडिंग हैं। नागरिकों ने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन से मांग की है कि सोहागपुर शहर की लीज नवीनीकरण की प्रक्रिया को सरल तथा नागरिकों की मांग के अनुकूल बनाया जाए।

# विधायक ने किया पलकमती नदी संरक्षण कार्यों का निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश



**सोहागपुर।** सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने बुधवार शाम पलकमती नदी में जारी निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। सिंह ने सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा को निर्देश दिये कि कार्यों की निगरानी हो। इस दौरान नप के जनप्रतिनिधि व भाजपाई उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि पलकमती नदी में 50 लाख 81 हजार रुपए से जल निकास पुनर्द्धार निर्माण व तीन करोड़ 60 लाख 47 हजार रुपए से पिचिंग एवं बैराज निर्माण हो रहा है।

## खबर संक्षेप



### 24 घंटे की रामसत्ता का हुआ आयोजन

**रहटगांव।** गुरुवार महिलाओं की 24 घंटे की रामसत्ता का आयोजन रहटगांव नगर में हुआ। जिसमें महिलाओं के द्वारा ढ़ोलक झांज की ताल पर भजन कीर्तन किया गया। नगर और विभिन्न गांव की महिलाओं के द्वारा रामसत्ता में शामिल होकर भजन कीर्तन किया। ऐसा बताते हैं कि रामसत्ता इंद्रदेव को मनाने के लिए कि जाती है। जिसमें महिलाएं भजन कीर्तन करती हैं गुरुवार से शुरू हुई रामसत्ता की काकड़ा आरती शुक्रवार को हुई। इस दौरान नगर की विभिन्न महिलाएं शामिल हुए।

### पंजाब से हथियार खरीदने आया गिरफ्तार

**झिरन्या।** पुलिस चैनपुर ने एक युवक बलजिन्द्रसिंह,ग्राम जोहल तहसील खडुर थाना गोविन्दवाल जिला तरनतारन (पंजाब) को 2 देसी पिस्टल,कीमत रू.30 हजार सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उसने इन्हें सिनगुन के एक सिकलीगर से खरीदा था। उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया और अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार गुरूवार को मुखबिर से युवक के माडल स्कूल के पास (बायखेड़ा रोड़) पर होने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने उसकी घेराबंदी की और नर्सरी तरफ भागते हुए पकड़ लिया। उसके पास एक पिट्ठू बैग बरामद हुआ, जिसमें उक्त दो पिस्टल थी।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर जन जागरूकता रथ रवाना

**खंडवा।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ. पी. जुगतावत ने शुक्रवार को सीएमएचओ कार्यालय से जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों की जानकारी देगा। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रश्मि कौशल ने बताया कि परिवार नियोजन के अस्थायी साधन जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि नसबंदी कराने वाली महिला को 2000 रुपये तथा प्रेरक को 300 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाती है। वहीं पुरुष नसबंदी कराने पर 3000 रुपये और प्रेरक को 400 रुपये का भुगतान किया जाता है। यदि महिला प्रसव के 7 दिवस के भीतर नसबंदी कराती है तो उसे 3000 रुपये और प्रेरक को 400 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

### 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत लगेगी

**खंडवा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 13 सितंबर शनिवार को खंडवा जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिला न्यायालय खंडवा के साथ-साथ हरसूद एवं पुनासा न्यायालयों में भी किया जाएगा। इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का आपसी सहमति से त्वरित निराकरण करना है। कार्यक्रम का संचालन जिला एवं सत्र न्यायाधीश ममता जैन के मार्गदर्शन में किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में ऐसे प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा, जो राजीनामा योग्य हैं। इनमें आपराधिक प्रकरण, सिविल प्रकरण, धारा 138 एन.आई. एक्ट के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, पारिवारिक प्रकरण, श्रम प्रकरण तथा विद्युत चोरी जैसे मामले शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, विद्युत विभाग, बैंक, नगरपालिका, बीएसएनएल आदि विभागों से जुड़े पूर्व वाद प्रकरणों का भी समाधान लोक अदालत के माध्यम से किया जाएगा। पूर्व वाद प्रकरणों में विशेष रूप से विद्युत विभाग, जलकर एवं संपत्ति कर से संबंधित प्रकरणों में लोक अदालत के दिन निराकरण होने पर संबंधित विभागों द्वारा नियमानुसार छूट भी प्रदान की जाएगी। जिला एवं सत्र न्यायालय द्वारा आमजन से अपील की है।

## कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए

# जिन विद्यालयों से मेपिंग नहीं की जा रही उनको कारण बताओ नोटिस दो



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

स्कूल जाने योग्य सभी बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिलाएं और प्रयास किया जाए कि कोई भी बच्चा स्कूल जाने से छूटे नहीं। यह निर्देश कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित शिक्षा विभाग की बैठक में अधिकारियों को दिये। उन्होने बैठक में निर्देशित किया कि विभागीय अमले के माध्यम से 6 से 18 वर्ष की आयु के सभी बच्चों का सर्वे कर शाला में प्रवेश के लिये प्रेरित कर उनका प्रवेश कराएं। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सविता झानिया, जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र बलवंत पटेल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर जैन ने निर्देश दिये कि ऐसे शिक्षक जो अध्यापन कार्य में लापरवाही बरत रहें, उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाए। उन्होने निर्देशित किया कि एजुकेशन पोर्टल पर जिन विद्यालयों द्वारा मेपिंग नहीं की जा रही है, उनके विरूद्ध कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया जाए। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि विद्यार्थियों को साइकिल वितरण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। उन्होने निर्देशित किया कि सभी को ई-अटेण्डेंस लगाना अनिवार्य है। इसके लिये प्रथम चरण में संकुल प्राचार्यों, द्वितीय चरण में शाला प्राचार्य व तृतीय चरण में शिक्षकों का ई-अटेण्डेंस के माध्यम से वेतन आहरण किया जाएगा।

### कोई भी शिकायत नॉट अटेंडेंट नहीं होना चाहिए

उन्होने जिला शिक्षा अधिकारी को जिले में जिर्ण शिर्ण शाला भवनों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर जैन ने बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि दीक्षा पोर्टल के अनुरूप अध्यापन कार्य कराएं ताकि शिक्षण कार्य में एकरूपता आ सके। कलेक्टर जैन ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि कोई भी शिकायत नॉट अटेंडेंट नहीं होना चाहिए। उन्होने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत विद्यालयों में पौधरोपण कर माय लाइफ एप पर फोटो अपलोड कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये। उन्होने अधिकारियों को विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण के निर्देश दिये।

### *जो एजेंसी समय पर कार्य पूर्ण नहीं कर पा रही है, उन पर पेनल्टी की कार्रवाई की जाए*




*कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराएं। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सविता झानिया, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, सेतू विकास निगम व ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण सहित सभी निर्माण विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर जैन ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो निर्माण एजेन्सी समय पर कार्य पूर्ण नहीं कर पा रही है, उन पर पेनल्टी की कार्यवाही की जाए। उन्होने जिला चिकित्सालय भवन के निर्माण में देरी के कारण संबंधित निर्माण एजेन्सी को नोटिस जारी करने के निर्देश भी पीआईयू के अधिकारी को दिये। उन्होने जल संसाधन विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि जिन कार्यों में अवार्ड पारित हो चुके हैं, उन्हें शीघ्रता से प्रारम्भ करें।*

## जागरूकता शिविर का आयोजन

# किशोर और ग्रामीणों को बाल अधिकारों के संबंध में बताया



**हरदा।** ग्राम नीमगांव, सोनतलाई व हनीफाबाद में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न्यायाधीश एवं सचिव चंद्रशेखर राठौर ने बच्चों के अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जागरूकता बढ़ाने, शिक्षा को बढ़ावा देने और बाल यौन शोषण, बाल विवाह, बाल श्रम आदि अपराधों के बारे में लोगों को जागरूक किया। उन्होने बताया कि डॉन स्कीम- 2025 राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नशा उन्मूलन के लिये शुरू की गई एक पहल है। इसका उद्देश्य बालकों व किशोरों में नशीले पदार्थों के उपयोग के विरूद्ध जागरूकता बढ़ाना और नशे के शिकार लोगों को कानूनी सहायता व कल्याणकारी सेवाएं प्रदान करना है। उन्होने नालसा योजना के उपबंधों की जानकारी देते हुए बताया कि योजना के अंतर्गत ड्रग्स तस्करी एवं ड्रग्स पीड़ितों को जिला प्राधिकरण के द्वारा आवश्यक विधिक सेवा उपलब्ध करायी जाती है। योजना के तहत ड्रग्स पीड़ितों को पहचानने, उनका उपचार करने तथा नशा मुक्ति के पश्चात उनके पुनर्वास में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं को गतिमान कराया जाता है। साथ ही ड्रग्स के खतरों एवं इसके उन्मूलन के प्रभावी उपायों के विषय में संवेदनशील बनाया जाता है। जिला प्राधिकरण एवं राज्य की कई एजेन्सियों के साथ साथ गैर सरकारी संगठन भी नशीले पदार्थो की तस्करी और मादक पदार्थो के उन्मूलन के क्षेत्र में कार्यरत है।

### योजनाओं के बारे में बताया

जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे ने बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना के संबंध में पॉक्सो एक्ट, मध्यप्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, नालसा योजना की जानकारी उपस्थितजनों को दी। उन्होने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित संवाद योजना-2025 के तहत अनुसुचित जनजाति एवं सुदुर क्षेत्र में निवासरत लोगों को भी उनके संवैधानिक व वैधानिक अधिकारों की जानकारी दी। शिविर में नीमगॉव सरपंच रामभरोस विश्नोई, सचिव संतोष मंसूरे, ग्राम सोनतलाई सचिव सुरेश प्रजापति, हनीफाबाद सहायक सचिव विजेन्द्र सिंह, ग्रामीणजन, महिलाएं, पुरूष, बच्चे एवं पैरालीगल वॉलंटियर मोहन जाट उपस्थित थे।

## गुरु की महत्ता पर प्रकाश डाला गया

# पूनमचंद गुप्ता महाविद्यालय में मनाई गई गुरु पूर्णिमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

पूनमचंद गुप्ता महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा उत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दादाजी धूनी वाले व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुकेश जैन (पूर्व प्राचार्य, नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खंडवा) उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य दीपेश आर. उपाध्याय और प्रबंधक सतीश पटेल ने मुख्य अतिथि का शाल, श्रीफल और पुष्पहार से स्वागत किया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य उपाध्याय ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रथम गुरु से लेकर आज तक के सभी गुरुओं का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। गुरु पथप्रदर्शक होते हैं जो जीवन की दिशा तय करते हैं। प्रबंधक सतीश पटेल ने कहा कि गुरु सभी शिष्यों को समान रूप से ज्ञान प्रदान करते हैं और कभी भेदभाव नहीं करते। मुख्य अतिथि मुकेश जैन ने गुरुकुल परंपरा की चर्चा करते हुए उसे वर्तमान समय में भी प्रासंगिक बताया। उन्होंने कहा कि प्राचीन शिक्षा प्रणाली में नैतिकता और व्यवहारिक ज्ञान का समावेश होता था, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों दीक्षिका, वैष्णवी और चंदन ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का स्वागत भाषण अमित शर्मा ने दिया, संचालन रश्मि दीक्षित ने किया और आभार प्रदर्शन छात्र अखिलेश मसानी द्वारा किया गया।



### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना में ग्राम साल्याखेड़ी में जागरूकता शिविर संपन्न

**हरदा।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत शुक्रवार को जिले के ग्राम साल्याखेड़ी के आंगनवाड़ी केन्द्र में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में परियोजना अधिकारी सीमा जैन ने उपस्थित प्रतिभागियों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में बाल विवाह रोकथाम संबंधी नियमों व कानूनों तथा पाक्सों एक्ट के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान घरेलू हिंसा से पीड़ति महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर में दी जाने वाली निःशुल्क सेवाओं, महिला हेल्पलाइन नम्बर 1090, चाईल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098, साइबर हेल्पलाइन नम्बर व सीएम हेल्पलाइन 181 के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में उपस्थित महिलाओं को एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण करने के लिये प्रेरित भी किया गया। शिविर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व महिलाएं उपस्थित थी।

# चैतन्य बापू की पदुकाओं का पूजन कर उनके कार्यों को याद किया

## गुरुपूर्णिमा पर आश्रमों, मंदिरों में उमड़ी भीड़

**झिरन्या।** इस आदिवासी अंचल में गुरु पूर्णिमा पर्व पर आश्रमों और मंदिरों में भारी संख्या में भीड़ उमड़ी, जो गुरुओं के प्रति आस्था को प्रकट कर रही थी। ब्रह्मलीन संत लक्ष्मण चैतन्य बापू के समाधि स्थल और महामंडलेश्वर संत विष्णु महाराज के आश्रम मारुगढ़,जूना अखाड़ा के बाबा राघवानंद भारती आश्रम और बाबा चिमनदास के सांई मंदिर बलखड़ (झिरन्या) में भी श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा था। प्रातः काल श्री वृंदावन धाम आश्रम पाल के गादीपति संत गोपाल चैतन्य महाराज और अन्य संतगणों ने संत लक्ष्मण चैतन्य बापू की पदुकाओं का पूजन कर उनके कार्यों को याद किया। वहां सुबह से ही लंबी-लंबी कतारें लग गई थी और तमाम परेशानियों के बवजूद भक्तगण समाधि स्थल के दर्शन के उतावले थे। उन्होंने परिसर स्थल पर आयोजित सत्संग में गुरुओं के महत्व पर अपने उदगार व्यक्त किए। वहां श्री चारुक्केश्वर धाम खेड़ीघाट (बड़वाह) से महिलाएं, पुरुष और बालक बालिकाएं पदयात्रा कर पहुंचे थे। ग्राम गाड्गिया आम,पलोंना सहित सरकार धाम आश्रम आभापुरी के साधक बलराम चौहान के सहयोग से विशाल भडारे का आयोजन हुआ। वहां पद यात्रियों की अगवानी करने संत गोपाल चैतन्य महाराज पहुंचे थे। आश्रम परिसर में सत्संग के दौरान साधक उत्तम पवार ने श्री कृष्ण जी के मंदिर के लिए चांदी की बांसुरी भेंट की। उनका शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। पूर्व हरीभाऊ राठौड़, भीकनगांव विधायक झूमा सोलंकी और रावेर के विधायक शिरीष चौधरी पुत्र एवं युवा नेता धनंजय चौधरी आदि श्रद्धालु पहुंचे थे।



# राज्य स्तरीय सुब्रोतो मुखर्जी फुटबॉल स्पर्धा शुरू पहला मैच नर्मदापुरम-भोपाल संभाग बीच हुआ

## 17 वर्ष बालिका वर्ग का नेहरू स्टेडियम में शुभारंभ हुआ



**हरदा।** राज्य स्तरीय सुब्रोतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 17 वर्ष बालिका वर्ग का नेहरू स्टेडियम में शुभारंभ हुआ। इसके उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि गजेंद्र शाह, जिपं अध्यक्ष, दर्शन सिंह गहलोत उपाध्यक्ष ललित पटेल, अंपायर जगदीश शर्मा, अजीत पाल सिंह गिल, विक्रांत अग्रवाल शामिल हुए। आयोजन समिति के संगठन सचिव जिला शिक्षा अधिकारी डी एस रघुवंशी ने स्वागत उद्बोधन एवं प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सनफ्लावर हायर सेकंडरी स्कूल हरदा के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में आभार जिला क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट के द्वारा व्यक्त किया गया। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा नियुक्त ऑफिशियल शलकांत बहादुर सिंह, रजत कुमार रोज राजेश बीलिया, राजेश सिंह, जिला फुटबाल संघ के सचिव सुनील पालीवाल सुनील वर्मा इमरान खान अजय पुरबिया मनोज खोरे संतोष यादव प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय हरदा, जेपी प्रजापति, पी एस केवट , हेमंत गौर, खेल समन्वयक सलमा खान गोकुल प्रसाद गौर,संतोष कुमार मालवीय, अनिल पगारे, हेमलता अग्रवाल शोभा राय प्रीता विश्नोई आदि उपस्थित थे। उद्घाटन के पश्चात पहला मैच नर्मदापुरम संभाग विरुद्ध भोपाल संभाग के बीच खेला गया। संचालन संतोष कुमार मालवीय एवं गोकुल प्रसाद गौर के द्वारा किया गया।

# महावीर दिगंबर जैन मंदिर में जिन सहस्त्रनाम मंडल विधान का समापन, किया गया महायज्ञ

## मंदिर पहुंचकर अर्घ्य चढ़ाए और सभी के कल्याण की कामना की



**खंडवा।** धासपुरा महावीर दिगंबर जैन मंदिर में 1 जुलाई से 10 जुलाई तक चले दस दिवसीय जिन सहस्त्रनाम मंडल विधान का आयोजन पूर्ण श्रद्धा व भक्ति भाव से संपन्न हुआ। यह आयोजन पहली बार मुनि विश्रुत सागर एवं निर्वेद सागर महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। अष्टानिका पर्व के अंतर्गत आयोजित इस विधान में श्रद्धालुओं ने प्रतिदिन मंदिर पहुंचकर अर्ध चढ़ाए और सभी के कल्याण की कामना की। समाज के सचिव सुनील जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि खंडवा के इतिहास में पहली बार इस प्रकार का विधान आयोजित किया गया। शास्त्रों में जिन सहस्त्रनाम मंडल विधान को पापों एवं दोषों के शमन हेतु प्रभावी बताया गया है, जिससे परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। इस आयोजन का उद्देश्य आचार्य 108 विद्यासागर की उस भावना को साकार करना था, जिसमें वर्ष 2025 को विधान पर्व वर्ष के रूप में मनाने की प्रेरणा दी गई थी। खंडवा में इस भावना के अनुरूप समाज के अध्यक्ष दिलीप पहाड़िया के संयोजन में एवं ममता कासलीवाल व जवाहरलाल जैन के निर्देशन में यह महाविधान संपन्न हुआ।

### गुरु पूर्णिमा पर किया विधान हवन

विधान का समापन 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर विश्व शांति महायज्ञ के साथ किया गया। अंतिम दिन के विधान एवं हवन का आयोजन वॉइस ऑफ विस्मिताश्री ग्रुप द्वारा किया गया। समाधि सम्राट गणाचार्य 108 विराग जी महाराज के प्रथम समाधि दिवस पर चरण पादुका प्रक्षालन एवं गुरु पूजा का सौभाग्य भी वॉइस ऑफ विस्मिताश्री ग्रुप को प्राप्त हुआ। गुरु पूर्णिमा पर उपाध्याय मुनिराज का पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य अजय पुष्पा लुहाड़िया, संगीता कमला रावका एवं प्रीति लुहाड़िया को प्राप्त हुआ। इस पूरे विधान में उपाध्याय मुनि विश्रुत सागर ससंघ का मंगल सानिध्य और आशीर्वाद समाज को प्राप्त हुआ।

# बुरहानपुर जिले में बीएसएनएल के 34 टावर लगाने की मांग



**खंडवा।** खंडवा संसदीय क्षेत्र के बुरहानपुर जिले के ग्रामीण अंचलों में जल्द ही डिजिटल क्रांति की नई सुबह होने जा रही है। सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने शुक्रवार को नई दिल्ली में संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर जिले में बीएसएनएल के 34 नए टावर लगाने की मांग को लेकर पत्र सौंपा। समाजसेवी और प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य जिले के दूरस्थ गांवों में नेटवर्क कनेक्टिविटी की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान करना है। प्रस्तावित टावरों के लगने से न केवल कॉल कनेक्टिविटी में सुधार होगा, बल्कि इंटरनेट की गति और डेटा सेवाएं भी बेहतर होंगी। सांसद ने संचार मंत्री के समक्ष यह भी कहा कि इन टावरों की स्थापना से शिक्षा, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन और प्रशासनिक सेवाओं तक ग्रामीणों की आसान पहुंच सुनिश्चित होगी। संचार मंत्री ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही जिले को इस सुविधा की सौगात मिलेगी।

### दीक्षा को पंधाना एसडीएम का प्रभार



**खंडवा।** जिला प्रशासन द्वारा प्रशासकीय कार्यों के सुचारू संचालन हेतु किए गए फेरबदल के तहत राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर दीक्षा भगोरे को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) पंधाना का प्रभार सौंपा गया है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता द्वारा आदेश जारी कर यह जिम्मेदारी दी गई है। दीक्षा भगोरे ने पदभार ग्रहण कर कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। पंधाना क्षेत्र में राजस्व प्रशासन की जवाबदारी अब उनके पास होगी। पंधाना अनुविभाग में प्रशासनिक कार्यों की गति और पारदर्शिता बनाए रखने की अपेक्षा जताई जा रही है।

## जनपद पंचायत में सामान्य प्रशासन की बैठक हुई

# अध्यक्ष ने विकास योजनाओं में सुधार के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया

विकास योजनाओ में सुधार के निर्देश जनपद अध्यक्ष रानू दशरथ पटेल द्वारा जनपद पंचायत खिरकिया के सभा हाल में सामान्य प्रशासन की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुखों द्वारा उनके द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई उक्त बैठक में जनपद उपाध्यक्ष सभी जनपद सदस्य उपस्थित थे बैठक में विद्युत विभाग उद्यानिकी विभाग लोक स्वास्थय यांत्रिकी महिला एव बाल विकास विभाग शिक्षा विभाग एवं जनपद पंचायत के समस्त उपयंत्री एडीईओ योजना प्रभारी सम्मिलित हुए अध्यक्ष महोदया श्रीमती रानू दशरथ पटेल द्वारा सर्व सुविधा युक्त जनपद पंचायत भवन की स्वीकृति की जानकारी दी गई महोदया द्वारा निर्देशित किया गया कि महिला एवं बाल विकास विभाग की समस्त आंगनबाड़ियों में वर्षा काल के दौरान छतों से पानी टपकता एवं बच्चों को पोषण आहार एवं शिक्षा स्वास्थ्य की जानकारी नही हैं पीएचसी विभाग द्वारा नल जल योजना का सही रखरखाव एवं मरम्मत ठीक कि जाए, बिजली विभाग को भीमपुरा सब स्टेशन एवं शीघ्र प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया गया उद्यानिकी विभाग की योजनाओं का सही प्रचार प्रसार के लिए निर्देश दिए गए वही आजीविका मिशन द्वारा आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में भी जन जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण कुमार इवने द्वारा एक एक पेड़ मां के नाम योजना के नवीन स्वरूप के बारे में बताया गया। समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण दल जिले में आने के सम्बंध में जानकारी दी गई सर्वेक्षण दल द्वारा 1000 अंकों पर सर्वे कार्य पूर्ण किया जायेगा जिसके 540 अंक दृश्य स्वच्छता पर निर्धारित है।

